## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 17 मार्च तक मंगाए गए आवेदन पत्र

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला-रायगढ़ के सेक्टर लोईंग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र लोईंग क्रमांक (1) में रिक्त सहायिका के 1 पद की पूर्ति हेतु 17 मार्च 2025 तक आवेदन पत्र मंगाए गए है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### कक्षा 10 वीं हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न

**12,490 परीक्षार्थी में 501 रहे अनुपस्थित**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 3 मार्च को हिन्दी (प्रथम भाषा)विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 12 हजार 490 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 11 हजार 989 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 501 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### गर्भवती को अस्पताल लेकर जा रही वैन में लगी आग

**अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)।** एक गर्भवती महिला को लेकर जा रही वैन में अचानक आग लग लग गई। दरसअल, यहां गर्भवती महिला को वैन डिलीवरी कराने के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। इसी दौरान महिला ने वैन में ही बच्चे को जन्म दिया। तभी अचानक वैन में आग लग गई। जिसके बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, मामला लखनपुर इलाके का है। बताया जा रहा है कि आग रेडियेटर के फटने के कारण लगी थी। हालांकि, समय रहते दमकल टीम ने आग पर काबू पा लिया, और इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। गर्भवती महिला, जो एक बच्ची की माँ बनी, और नवजात दोनों पूरी तरह से स्वस्थ हैं। घटना के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### पिकअप की टक्कर से 12वीं कक्षा के छात्र की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के करतला थाना क्षेत्र के चारमार मदवानी मुख्य मार्ग पर एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार 12वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान विशेष राठिया (17) के रूप में की गई है, जो ग्राम मधुबनी का निवासी था और बोतली हाई सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करता था। जानकारी के अनुसार घटना के समय विशेष स्कूल से घर लौट रहा था। हादसा इतना भीषण था कि घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए कोरबा के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे की वजहों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### 20 लाख के ईनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में चल रहे पुनर्वास और नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 20 लाख रुपये के ईनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। मोस्टवांटेड नक्सली डीवीसीएम दिनेश मोडियम और उनकी पत्नी सीएनएम अध्यक्ष ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। यह दंपती कई बड़े नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। दोनों ने नक्सली संगठन के विचारों से मोहभंग और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेदों के चलते आत्मसमर्पण किया। पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सफलता है, जो नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती प्रदान करती है।

---

**हस्तलिखित बजट पेश कर ओपी चौधरी ने रचा इतिहास**

# वित्तमंत्री चौधरी ने पेश किया गति पर आधारित बजट

**रायपुर | आरएनएस**

विधानसभा में बजट सत्र का आज पांचवां दिन है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधानसभा में राज्य का 25वां और साय सरकार का दूसरा बजट पेश कर रहे हैं।



**सीएम एक्सीलेंसी अवॉर्ड :**

पीएम एक्सीलेंसी अवॉर्ड की तर्ज पर राज्य में सीएम एक्सीलेंसी अवॉर्ड शुरू किया जाएगा. इसके लिए 1 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

**केंद्र सरकार से मिली राशि :**

केंद्र ने छत्तीसगढ़ सरकार को 6,000 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की है.

सुगम ऐप से फर्जी रजिस्ट्रियों पर लगाम। सरकार 'सुगम ऐप' के माध्यम से फर्जी रजिस्ट्री की समस्या को कम करने का प्रयास करेगी.

**सड़क और परिवहन योजनाएँ :**

हर जिले तक सड़क पहुँचाने का रोड प्लान 2030 तैयार प्रदेश में सभी जिलों को जोड़ने के लिए एक व्यापक रोड प्लान 2030 तैयार किया गया है.

**मुख्यमंत्री रिंगरोड योजना :**

राज्य सरकार सीएम रिंगरोड योजना लागू करेगी, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

**नई सड़कों के लिए बजट :**

राज्य में नई सड़कें बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

**उद्योग और रोजगार पर जोर :**

इंडस्ट्रियल ग्रोथ को निवेश आधारित नहीं, रोजगार केंद्रित बनाया जाएगा.

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 1,400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है. चैंबर ऑफ कॉमर्स को रियायती दर पर भूमि आवंटन करने की घोषणा. भवन निर्माण का प्रावधान भी इस बजट में किया गया है. 700 करोड़ रुपए के दायित्वों का भुगतान सरकार ने किया. स्टेट कैपिटल रीजन और नवोत्थान योजना स्टेट कैपिटल रीजन के लिए (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने का प्रावधान किया गया है. सीएम नवोत्थान योजना लागू की जाएगी, जिससे राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी.

डोंगरगढ़ में परिक्रमापथ के लिए 59 करोड़, अग्निकुंड निर्माण के लिए 31 करोड़ का प्रावधान और रामलला दर्शन के लिए 36 करोड़ का प्रावधान किया गया है.

**रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो ट्रेन :**

राज्य सरकार रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना बना रही है.

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी आज प्रदेश का बजट पेश कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि इस बार का बजट गति पर आधारित है. उन्होंने प्रदेश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए इसका फुल फॉर्म बताया. जहां जी से गुड गर्वेनेंस यानि सुशासन, ए से एक्सेलेरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर यानि आधारभूत संरचना को गति देना, टी से टेक्नालॉजी यानि प्रौद्योगिकी और आई से इंड्स्ट्रियल ग्रोथ यानि औद्योगिक विकास है.बता दें, साय सरकार का यह दूसरा बजट है. पिछले बजट में साय सरकार ने ग्यान पर आधारित बजट निकाला था. ग्यान का मतलब गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को आधार बनाया था. वहीं इस बार सुशासन, आधारभूत संरचना को गति देना, टेक्नोलॉजी और औद्योगिक विकास को आधार बनाया है.

## बजट में रायगढ़ को मिली कई सौंगातें, सभी वर्गों ने की सराहना

- शासकीय नर्सिंग कालेज, फिजियोथैरेपी कालेज, नैचुरोपैथी हब, साईंस पार्क, रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन के कार्य प्रमुख रूप से शामिल
- डीए में वृद्धि के लिए शासकीय कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का जताया आभार

**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज विधानसभा में बजट पेश किया। जिसमें किसान, व्यापारी, युवा, महिला सहित सभी वर्गो के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसका लोगों ने सराहना की। इस बजट में रायगढ़ जिले के लिए भी काफी सौगातें शामिल है। जिसमें नैचुरोपैथी हब, साइंस पार्क, शासकीय नर्सिंग कालेज, फिजियोथैरेपी कालेज, रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन के कार्य प्रमुख रूप से शामिल है।

बजट पर किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ के विद्यार्थी विजिया प्रधान ने कहा कि सभी वर्ग को ध्यान में रखने के साथ ही बजट में शिक्षा के क्षेत्र पर काफी ध्यान रखा गया। जिले में शासकीय नर्सिंग कॉलेज के खुलने से सीटों में बढ़ोत्तरी के साथ जिले के विद्यार्थी आसानी से नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त कर पायेंगे। सूरत लाल गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी



द्वारा पेश बजट काफी अच्छा रहा। इसमें नगरीय निकायों में नालंदा परिसर खोले जायेंगे। जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों में सहायता मिलेगी। महिला आईटीआई में अध्ययनरत पिंकी साहू ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के प्रगति का बजट पेश हुआ है। जिसमें आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कालेज के उन्नयन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इससे तकनीकी शिक्षा में कौशल विकास के साथ-साथ सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ट्रेनिंग ऑफिसर, आईटीआई रायगढ़ के दिलीप कुमार तिवारी ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट शिक्षा के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रहा। जिसमें आईटीआई के उन्नयन की बात कही गयी है। जिससे आईटीआई में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही नये ट्रेड के साथ स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार मिलने में आसानी होगी। महापल्ली निवासी व्यापारी विकास अग्रवाल ने कहा कि सभी वर्गो के लिए अच्छा बजट रहा। व्यापारियों के लिए ई-वे बिल जनरेट करने की सीमा में बढ़ोतरी की गई है। जिससे छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। वहीं रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन बनने से यातायात के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

साल्हेओना निवासी कृषक रोहित साहू ने कहा कि बजट में कृषि विकास के क्षेत्र में विशेष ध्यान में रखा गया है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। एकताल निवासी भोगीराम झारा ने कहा कि बेल मेटल आर्ट, कोसा, टेराकोटा, बैम्बु जैसे कला कौशल हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालॉजी की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**डीए में वृद्धि की घोषणा से शासकीय कर्मचारियों में हर्ष का माहौल-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने विधानसभा में शासकीय कर्मचारियों के डीए में वृद्धि की घोषणा की है। जिससे सभी शासकीय कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। राजस्व विभाग में पदस्थ चैतराम ने कर्मचारियों के हित में डीए में वृद्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी का आभार जताया है।

**पत्रकार सम्मान निधि में बढ़ोत्तरी पत्रकारों के हित में अहम निर्णय**

वरिष्ठ पत्रकार शेष चरण गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों के लिए एक्सपोजर विजिट के लिये 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह पत्रकार सम्मान निधि की राशि को दोगुना करते हुए 10 हजार रूपये से बढ़ाकर 20 हजार रूपये किया गया है। जो कि पत्रकारों के हित में अहम निर्णय है।

---

## महतारी वंदन योजना से दानसरा के राम मंदिर निर्माण की गूंज, विधानसभा तक पहुंची

- सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को मिला बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री और विपक्ष की मौजूदगी में सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। इस बजट में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण और सरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने का प्रावधान किया गया है।

महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि महतारी वंदन योजना



ने छत्तीसगढ़ की महतारी, बहनों को आत्मसम्मान और स्वाभिमान दिया है। लाखों बहने, अपने पैरों पर खड़ी हुई है, आर्थिक सशक्तिकरण से राजनीति और सामाजिक सशक्तिकरण के रास्ते बुने हैं। सबसे बड़ी बात, बहनों का परिवार के भीतर भी सम्मान बढ़ा है। सारंगढ़ के दानसरा गांव का मैं उदाहरण देना चाहूंगा, जहां बहने, योजना के पैसे से राम मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। इस तरह के उदाहरण हमें असीम ऊर्जा से भर देते हैं।

## लैलूंगा के ग्राम जामबहार में पुलिस की गांजा रेड कार्यवाई, 9 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन पर जिले में गांजा तस्करों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए पुलिस टीम को सफलता हासिल हुई है। लैलूंगा थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम जामबहार में दबिश देकर 9 किलो गांजा जब्त किया। इस कार्रवाई में आरोपी गोजाराम यादव (50) को गिरफ्तार किया गया, जो ओडिशा से गांजा लाकर बेचने की फिराक में था। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत रु.90,000 आंकी गई है।



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर साइबर सेल और थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में मुखबिर से सूचना मिली कि गोजाराम यादव गांजा छिपाकर बिक्री के लिए रखे हुए है। इस पर लैलूंगा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी।

पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में आरोपी के टिकरा पैरावट की तलाशी ली। वहां 9 पैकेट गांजा (प्रत्येक 1 किलो) बरामद हुआ, जिसे आरोपी ने ओडिशा से लाने की बात कबूली। इसके बाद गोजाराम यादव पर NDPS एक्ट की धारा 20(B) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन तथा डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन पर इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक नंद कुमार पैंकरा, संतकुमार केंवट, सुरेश मिंज, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा और विक्रम सिंह की अहम भूमिका रही।

रायगढ़ पुलिस की आम जनता से अपील है कि अगर कहीं भी अवैध नशे का कारोबार हो रहा है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।

## निश्चय निरामय अभियान के तहत धरमजयगढ़ में टीबी मरीजों को किया गया फूड बास्केट वितरित

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ए.के.जगत के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक भारत को क्षय रोग (टीबी) से मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निश्चय निरामय 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत विकासखंड धरमजयगढ़ में एसईसीएल रायगढ़ द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए, जिससे उन्हें उचित पोषण मिल सके और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें।

एसईसीएल रायगढ़ के सीएसआर ऑफिसर डॉ.गजानन ने धरमजयगढ़ ब्लॉक के मरीजों को गोद लेकर यह खाद्य सामग्री वितरित




की। कार्यक्रम के दौरान सभी टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ-साथ अतिरिक्त पोषण लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो और वे जल्दी स्वस्थ हो सकें। इस दौरान जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.जय कुमारी चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, सिविल अस्पताल के डॉ.बी.एल.भगत, जिला कार्यक्रम समन्वयक सुरेश कुमार गुप्ता, फिरतू सिंह सिदार, चंद्र विजय सिंह राठिया, चंद्रमणि भास्कर लैब टेक्नीशियन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## सरिया में 100 बिस्तर अस्पताल उन्नयन से नागरिकों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोतरी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। इस बजट में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण और सरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने का प्रावधान किया गया है। सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरिया ओडिशा और छत्तीसगढ़ का सीमावर्ती क्षेत्र है, जहां 10 बिस्तर अस्पताल का उन्नयन 100 बिस्तर हो जाने से मेडिकल स्टाफ के पद, भवन, मशीन उपकरण का नया सेटअप स्थापित होगा, जिससे जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोतरी होगी। सरिया के स्थानीय निवासी और पत्रकार प्रशांत प्रधान ने कहा कि कई वर्षों से स्थानीय मांग रही है कि सरिया में बड़ा अस्पताल



स्थापित किया जाए। इस अस्पताल के खुल जाने की घोषणा से अंचलवासियों में खुशी का माहौल है। अब उन्हें अन्य शहरों की ओर जाना नहीं पड़ेगा। नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने इस घोषणा पर अपनी खुशी जाहिर की है। सीएमएचओ डॉ निराला, पत्रकार प्रधान और अध्यक्ष अग्रवाल ने इस घोषणा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

## राज्य में अब 25 विश्वविद्यालय, शिक्षा का स्तर होगा बेहतर : दंतेवाड़ा में डीएमएफ फंड से होगा मेडिकल कॉलेज का निर्माण

- 50 करोड से होगा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नालॉजी (निफ्ट) का निर्माण
- 100 एकड़ में होगा मेडिसिटी का निर्माण

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के लिए एक अहम दिन है, क्योंकि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार का दूसरा और प्रदेश का 25वां बजट विधानसभा में पेश किया। बजट से पहले, ओपी चौधरी



ने राम मंदिर में पूजा अर्चना की, और फिर विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य के लिए बजट पेश किया। साल 2025 के इस बजट में वित्तमंत्री चौधरी ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए सौगाते दी है। जिससे राज्य की जनता को राहत और समृद्धि की उम्मीद है। इस बजट में प्रदेश के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिससे उम्मीद की जा रही है कि राज्य के विकास की गति तेज होगी। बता दें कि इससे पहले 9 फरवरी 2024 को साय सरकार का पहला बजट पेश किया गया था, और अब साल 2025 का यह बजट नए बदलावों और सुविधाओं के साथ सामने आया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहले केवल 4 विश्वविद्यालय थे, लेकिन अब हमने उन्हें बढ़ाकर 25 कर दिया है। इस कदम को लेकर मंत्री ने कहा कि इससे राज्य में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और युवाओं को शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक और अहम घोषणा की। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा में डीएमएफ फंड से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 250 करोड़ रुपये आएगी। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और क्षेत्र के छात्रों को मेडिकल शिक्षा में मौके देने के लिए महत्वपूर्ण है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज बनने से न सिर्फ स्थानीय लोगों को फायदा होगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर भी ऊंचा होगा। रायपुर। आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का 24वां और साय सरकार का दूसरा बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी राज्य की युवा शक्ति के प्रासंगिक कौशल विकास के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना हेतु बजट में प्रावधान किया गया है। युवाओं को सपनों को पंख देने के लिये नवा रायपुर अटल नगर में 50 करोड़ की लागत से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना होगी। बेलमेटल, कोसा, टेराकोटा, बैम्बू आर्ट को आधुनिक और प्रासंगिक बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की कला को वैश्विक पहचान दिलाने के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार में संस्कृति और परंपरा को मिल रहा नया जीवन। अनुसूचित जनजातियों के पूजा स्थलों के विकास के लिये 2.5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हरिद्वार, पुरी, द्वारका, वैष्णो देवी सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा हेतु तीर्थ यात्रा योजना के लिये बजट में ?15 करोड़ का प्रावधान किया गया है।दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण डीएमएफ के 250 करोड़ रूपये से अधिक की राशि से होगा। डीएमएफ के सदुपयोग के ऐसे अनेकों उदाहरण हम स्थापित करेंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लिए 46 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राजनांदगांव, जगदलपुर, कोंडागांव, बालोद, महासमुंद एवं बिलासपुर में जिला उद्योग कार्यालय भवन बनाए जाएंगे। महतारी वंदन योजना के लिए पहले 3000 करोड़ का प्रावधान रखा गया था। इस बार 5 हजार 500 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। 3 साल में हमने 8 लाख महिला सदस्यों को लखपति दीदी योजना के तहत लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है। 7 वर्किंग वूमेन हॉस्टल के लिए 79 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए 5 करोड़ सखी सेंटर के लिए 20 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। वहीं नए आंगनबाड़ी के लिए 42 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। 100 एकड़ में मेडिसिटी बनाई जाएगी। कमांड सेंटर के अपग्रेड करने के लिए 40 करोड़ का प्रावधान। नया रायपुर में युवा सेवा के लिए 10 करोड़। साइंस सिटी की स्थापना के लिए 37 करोड़। नई लाइब्रेरी बनाने के लिए 30 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480